हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 13 मई 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

1. भारतीय जनता पार्टी को नगर निकाय चुनाव में बड़ी जीत मिली- अंबाला, सोनीपत और पंचकूला तीनों नगर निगमों में भाजपा के महापौर पद के उमीदवार जीते।

2. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नगर निकाय चुनाव की जीत को भाजपा में जनता के विश्वास और जन केंद्रित नीतियों की जीत बताया।

3. हिसार जिले की उकलाना नगर पालिका के अध्यक्ष पद के चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार रीमा सोनी विजयी रहीं।

4. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड-सी.बी.एस.ई. ने आज कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित किया- पंचकूला क्षेत्र का परिणाम 85.73 प्रतिशत रहा।

5.अंबाला पुलिस ने शाहाबाद-लाडवा रोड से एक मोटर यार्ड में खड़ी एक गाड़ी से हैंड ग्रेनेड बरामद किया।

*********************************************************************

भारतीय जनता पार्टी को नगर निकाये चुनाव में बड़ी जीत मिली। अंबाला, सोनीपत और पंचकुला तीनों नगर निगमों में भाजपा के महापौर पद के उमीदवारों ने जीत दर्ज की है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नगर निकाय चुनाव के परिणाम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आम जनता के विश्वास और जन केंद्रित नीतियों की जीत बताया है।

मुख्यमंत्री ने आज नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में कहा कि लोगों का केंद्र और राज्य सरकार में विश्वास बढ़ा है। आज निकाय चुनावों का परिणाम उसी विश्वास का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि विपक्ष झूठ की राजनीति करता है इसलिए अब जनता को उन पर विश्वास नहीं रहा।

**************************************************************

भाजपा के प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया ने लोगों का भाजपा को नगर निकाय चुनाव में मिली जीत के लिए आभार जताया –

***************************************************************

अंबाला नगर निगम के लिए महापौर पद की प्रत्याशी का चुनाव अक्षिता सैनी ने कांग्रेस प्रत्याशी कुलविंद्र को 21हजार 358 वोट से हरा कर जीत लिया है। अक्षिता सैनी को 52 हजार 794 वोट मिले जबकि कांग्रेस प्रत्याशी कुलविंद्र कौर को 31हजार 436 वोट मिले। आजाद उम्मीदवार सोनिया चौधरी को 21हजार 730 वोट प्राप्त हुए और 1691 लोगों ने नोटा को वोट दिया अर्थात किसी पार्टी के पक्ष में वोट नहीं किया। वहीं 20 वार्ड के सदस्य के चुनाव में 16 में भाजपा ने, 3 पर कांग्रेस और एक वार्ड से आजाद उम्मीदवार ने जीत दर्ज की। अपनी जीत पर अक्षिता सैनी ने अंबाला शहर की जनता का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह मेरी जीत नहीं है, बल्कि पूरे अंबाला के लोगों की जीत है।

*********************************************************************

पंचकूला नगर निगम चुनाव में भाजपा के महापौर पद के प्रत्याशी श्याम लाल बंसल 36 हजार 252 मतों के अंतर से विजयी रहे। उन्हें कुल 68 हजार 544 वोट मिले, जबकि कांग्रेस की सुधा भारद्वाज को 32 हजार 292 वोट प्राप्त हुए। पंचकूला नगर निगम के कुल 20 वार्डों में 17 में भाजपा प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की जबकि 2 वार्ड में निर्दलीय और एक वार्ड में कांग्रेस उम्मीदवार ने जीत हासिल की।

*********************************************************************

सांपला नगर पालिका चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार प्रवीण कोच ने 687 वोट से जीत हासिल की प्रवीण कोच को 4हजार 391 वोट जबकि निर्दलीय उम्मीदवार अंकित को 3 हजार 704 वोट मिले। कांग्रेस पार्टी ने इस चुनाव में अपना उम्मीदवार नहीं उतारा था। रेवाड़ी जिले के धारूहेड़ा नगर पालिका में भी भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अजय जांगड़ा 6200 वोटो से जीत गए। भाजपा के अजय जांगड़ा को 9 हजार 392 वोट मिले जबकि बाबूलाल लांबा 3 हजार 156 वोट लेकर दूसरे स्थान पर रहे।

*****************************************************************

भारतीय जनता पार्टी के सोनीपत नगर निगम में महापौर पद के उम्मीदवार राजीव जैन भी चुनाव जीत गए। राजीव जैन ने कांग्रेस के कमल दिवान को 23 हजार 247 वोट के अंतर से हराकर जीत हासिल की। वहीं सोनीपत के 22 वार्डो में से 16 वार्ड में भाजपा उम्मीदवार ने जीत हासिल की है। जबकि 4 वार्ड में कांग्रेस उम्मीदवार जीते हैं। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली और पूर्व मंत्री कविता जैन ने भाजपा की जीत का श्रेय भाजपा सरकार की नीतियों को दिया। श्री मोहन लाल बड़ोली ने कहा –

*****************************************************************

हिसार जिले की उकलाना नगर पालिका केअध्यक्ष के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी रीमा सोनी ने जीत दर्ज की है। रीमा सोनी ने निकिता गोयल को 2 हजार 806 वोटों के अंतर से हराया ।रीमा सोनी को 7 हजार 78 वोट मिले जबकि भाजपप्रत्याशीनिकिता गोयल को 4 हजार 272 वोट हासिल हुए। जीत के बाद निर्दलीय प्रत्याशी रीमा सोनी ने कहा कि यह जनता की जीत है।

*****************************************************************

हरियाणा नगर निकाय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड और एकतरफा जीत के बाद रोहतक स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय “मंगल कमल” में कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया, एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाई और नारे लगाए।

इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी शमशेर सिंह खरक ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनहितकारी नीतियों, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व और प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली के संगठनात्मक मार्गदर्शन में भाजपा ने जनता का भरोसा और मजबूत किया है।

उन्होंने कहा कि अंबाला, पंचकूला और सोनीपत नगर निगमों में महापौर पद सहित कई वार्डों में भाजपा की शानदार जीत तथा रेवाड़ी, सांपला सहित अन्य क्षेत्रों में मिली सफलता यह साबित करती है कि हरियाणा की जनता अब परिवारवाद, झूठे वादों और तुष्टिकरण की राजनीति को नकार चुकी है। जनता विकास, पारदर्शिता और सुशासन की राजनीति के साथ मजबूती से खड़ी है।

*****************************************************************

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड-सी.बी.एस.ई. ने आज कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए। छात्र रोल नंबर डालकर आधिकारिक वेबसाइट, DigiLocker और उमंग ऐप पर अपना परिणाम देख सकते हैं। इस वर्ष का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 85 दशमलव दो-शून्य प्रतिशत है। जबकि छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 88 दशमलव आठ-छह प्रतिशत है, जबकि छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 82 दशमलव एक-तीन प्रतिशत है।

*****************************************************************

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड –सीबीएसई द्वारा आज घोषित 12वीं कक्षा के नतीजे में देश के 22 क्षेत्रों में पंचकूला क्षेत्र 12वे नंबर पर रहा। इस क्षेत्रीय अधिकारी राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि पंचकूला क्षेत्र में इस बार परिणाम 85.73 प्रतिशत रहा। उन्होंने बताया कि पंचकूला क्षेत्र में इस बार 75 हजार 248 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे। पंचकूला क्षेत्र में हरियाणा के 11 जिलों के साथ साथ हिमाचल प्रदेश भी शामिल है।

*****************************************************************

अंबाला पुलिस के विशेष कार्य ने शाहाबाद-लाडवा रोड स्थित चीनी मिल के सामने महादेव मोटर यार्ड में खड़ी एक गाड़ी से हैंड ग्रेनेड बरामद किया है। इस मोटर यार्ड का मालिक गांव तंगौर निवासी सूर्य प्रताप पहले ही पुलिस की गिरफ्त में है।

एसटीएफ के एक अधिकारी दलजीत सिंह ने बताया कि आरोपी सूर्य प्रताप को पहले गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल और दो जिंदा रौंद बरामद किए गए । इसके बाद रिमांड के दौरान पूछताछ में आरोपी ने मोटर यार्ड में खड़ी गाड़ी में हैंड ग्रेनेड होने की जानकारी दी। आरोपी ने पूछताछ में खुलासा किया कि उसे दो हैंड ग्रेनेड दिए गए थे, जिनमें से एक वह अपने किसी अन्य साथी को पहले ही दे चुका है।

एसटीएफ के अनुसार आरोपी ने पूछताछ में यह भी बताया कि उसे विदेश में बैठे आकाओं से निर्देश मिल रहे थे। हालांकि विस्फोट कहां करना था, इसकी जानकारी उसे बाद में दी जानी थी। प्रारंभिक जांच में यह मामला कुरुक्षेत्र और अंबाला में फिरौती से जुड़े नेटवर्क से जुड़ा लग रहा है। फिलहाल आरोपी से गहन पूछताछ जारी है।

*****************************************************************